शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी संस्थापक की प्रथम पुण्यतिथि

जहानाबाद। कोर्ट एरिया घोषी रोड स्थित शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में 22 अक्टूबर को विद्यालय के संस्थापक सह पूर्व निदेशक स्वर्गीय मोसाहेब शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



विद्यालय के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय मोसाहेब शर्मा जी की दूरदर्शी सोच, शिक्षा के प्रति समर्पण एवं आदर्श सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। वहीं, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा देवी ने कहा कि उनका हमारे बीच नहीं होना एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके विचार, आदर्श एवं स्मृतियाँ सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। उन्होंने उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ शहर के अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने तथा शिक्षा के प्रसार के लिए स्वर्गीय मोसाहेब शर्मा जी द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएम ने दक्षिणी काको स्थित प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन, जिला प्रशासन की मुस्तैदी एवं जिलावासियों के सहयोग से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांति से संपन्न

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती छिरिङवाई भूटिया के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में जिले में दुर्गा पूजा के उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान जिलावासियों, पूजा समितियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के आपसी समन्वय, मुस्तैदी एवं तत्परता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती छिरिङवाई भूटिया ने मार्ग सहित दक्षिणी काको स्थित प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति, भीड़ प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षित विसर्जन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए।जिला प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थलों एवं निर्धारित मार्गों पर दंडाधिकारियों तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। विसर्जन स्थल पर किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई तथा आवश्यक बचाव एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। साथ ही, भीड़ नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन के सुचारु संचालन एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई। संबंधित पदाधिकारियों की सक्रिय निगरानी एवं तत्परता से विसर्जन प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।जिला प्रशासन शांतिपूर्ण विसर्जन में सहयोग के लिए जहानाबाद के सभी लोगों, पूजा समितियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त करता है जिनके सहयोग, अनुशासन एवं सामूहिक जिम्मेदारी से जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दशहरापर्व का समापन संभव हुआ।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार
जब आप हर दिन कुछ नया सीखते हैं, तो हर दिन एक सफलता बन जाता है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नामांकन को आवेदन आमंत्रित

जहानाबाद। डीएम श्रीमती छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार जिले के अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नामांकन हेतु 15 अक्टूबर से 03 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इस योजना के अंतर्गत मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा, भोजन, पुस्तकें, वस्त्र एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।नामांकन हेतु कक्षा 9वीं के लिए अधिकतम आयु 16 वर्ष तथा कक्षा 11वीं के लिए 18 वर्ष निर्धारित है। आवेदक के परिवार की अधिकतम वार्षिक आय 6 लाख होनी चाहिए। **महत्वपूर्ण तिथियां**- प्रवेश-पत्र 7 से 10 नवंबर तक डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 12 नवंबर, परीक्षा परिणाम 25 नवंबर तथा नामांकन 1 से 7 दिसंबर, 2026 तक होगा।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

बैंक चलो अभियान की धीमी प्रगति पर जताया खेद, लंबित ऋण वितरण एवं सोलर इंस्टॉलेशन में तेजी लाने के निर्देश

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी वाई भूटिया की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिनांक 21 एवं 22 अक्टूबर को संचालित 'बैंक चलो अभियान' के अंतर्गत ऋण स्वीकृति, ऋण वितरण एवं सोलर पैनल इंस्टॉलेशन की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान पाया गया कि बैंक चलो अभियान के अंतर्गत मात्र 12 ऋण आवेदनों का वितरण एवं 10 ऋण आवेदनों की स्वीकृति हुई है।



अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर जिला पदाधिकारी ने खेद व्यक्त करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों को लंबित पात्र ऋण आवेदनों की शीघ्र स्वीकृति एवं ऋण वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी वेंडरों को एग्रीमेंट कर चुके उपभोक्ताओं को संबंधित बैंक शाखाओं में उपस्थित कराकर ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया। वेंडरवार सोलर पैनल इंस्टॉलेशन की समीक्षा में 37 मामले लंबित पाए गए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित वेंडरों को अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी लंबित इंस्टॉलेशन पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने एवं कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में आगामी 28 अक्टूबर, 2026 को आयोजित होने वाले सोलर ऋण मेले की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को योजना से जोड़ने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर अधिकाधिक आवेदन सृजित कराने तथा पात्र आवेदकों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, बैंक प्रबंधकों एवं वेंडरों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले के पात्र नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं. SPJW-26-TRAVERSER-35T-B.
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू.म. रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते है:-
1. कार्य का नाम : यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में सरफेस ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट टाइप ट्रैवर्सर साइट को सरफेस टाइप ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,57,24,141.35, 3. बयाना की राशि : ₹3,14,500.00, 4. निविदा बंद होने की तारीख और समय : 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई-निविदा के लिए वेबसाईट का विवरण, जहॉ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि : www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1165/एसपीजे/यां./टी/26-27/32

दुर्गा पूजा पूजा पर दुगोला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जहानाबाद। सदर सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मई हाल्ट पर दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य दुगोला कार्यक्रम का



आयोजन स्थानीय नवयुक पूजा समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया बिहारी यादव ने किया, जबकि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जहानाबाद राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय जी ने करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा आस्था एवं विश्वास का पर्व है, जिसमें सभी लोग मिलकर इस अनुष्ठान का आयोजन करते हैं यह पूजा सामाजिक भाईचारे, बंधुत्व एवं आपसी मिल्लत का संदेश देता है ,दुर्गा पूजा एवं दुगोला कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए तमाम स्थानीय लोगों के साथ-साथ तमाम जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिए और उपस्थित लोगों ने इस दुगोला कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाएं, वही तमाम लोगों को हम संदेश देते हुए कहा कि अंधविश्वास और पाखंड से दूर रहकर बाबा साहेब के दिए हुए तीन मूल मंत्र -शिक्षित बनो ,संगठित हो, और संघर्ष करो को आत्मसात करना चाहिए, क्योंकि बिना शिक्षा के किसी भी परिवार ,समाज एवं देश के विकास संभव नहीं है, शिक्षा ही एक ऐसी कुंजी है जिससे विकास के सारे बंद दरवाजे खुलते हैं।

मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल होने वालों में बबलू यादव मुखिया, शैलेश यादव पैक्स अध्यक्ष,जिला परिषद प्रतिनिधि साधु यादव,राजद नेता धर्मवीर यादव,विजेंद्र पाल, अशोक कुमार ,चंदन कुमार, विक्की कुमार, रामजी राय ,उमेश यादव ,मुनीलाल यादव ,गोरख कुमार, गुड्डू कुमार, गजनी कुमार, रामेश्वर यादव, समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ आईजी का दौरा, यात्रियों से किया सीधा संवाद

जहानाबाद। भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सफर का अनुभव कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आरपीएफ के आईजी अमरेश कुमार गुरुवार को अचानक जहानाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में आम रेल यात्रियों से सीधे संवाद कर रेलवे की ओर से दी जा रही सुविधाओं का जमीनी हकीकत लिया। निरीक्षण के दौरान यात्रियों ने आईजी के सामने खुलकर अपनी परेशानियां रखीं। यात्रियों ने मुख्य रूप से स्टेशन परिसर में शौचालय की व्यवस्था, साफ-सफाई की कमी और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। आईजी अमरेश कुमार ने सभी शिकायतों और सुझावों को बेहद गंभीरता से सुना और नोट किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यात्रियों द्वारा बताए गए बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। मीडिया से बातचीत करते हुए आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि भारतीय रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर इन दिनों विशेष जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य अधिकारियों का सीधे यात्रियों से मिलकर उनकी वास्तविक परेशानियों को समझना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जहानाबाद रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और कायाकल्प का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य जारी रहने के कारण यात्रियों को थोड़ी असुविधा हो सकती है, लेकिन कार्य पूरा होने तक यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए तुरंत आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। आरपीएफ आईजी के इस अचानक दौरे और सकारात्मक रुख से जहानाबाद के रेल यात्रियों में यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था में और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

पूर्व मध्य रेल
ई-ऑक्शन सूचना

ई-ऑक्शन सूचना सं. :- कॉम/विज्ञापन/डीएनआर/26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:-
1. कार्य का नाम: गाड़ी सं. 13237/38 एवं 13239/40 (पटना-कोटा एक्सप्रेस) एवं दानापुर मंडल के मेमू ट्रेनों के 13 रेक (अर्थात् 156 कोच) के सभी डिब्बों के बाहरी हिस्से पर पूर्ण विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन। **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष, **3. कैटलॉग संख्या :** कॉम-एडीविटी-मोबाइल, **4. लॉट संख्या :** (i) एडीविटी-इएफएफ-330374-2-26-2 (ii) एडीविटी-इएफएफ-154437-1-26-3, **5. ई-नीलामी की तिथि व समय:** (i) दिनांक : 02.11.2026 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी-इएफएफ- 330374-2-26-2) के लिए ई-नीलामी होगी (ii) दिनांक : 02.11.2026 को 12:10 बजे से 12:40 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी-इएफएफ-154437-1-26-3) के लिए ई-नीलामी होगी (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट होगा।), **6. वेबसाईट जहाँ ई-ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/1158/डीएनआर/वा०/ईएएन/26-27/36

Manah INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं: व्यवहार में परिवर्तन, शंका या भ्रम, मिर्गी आना, बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन, आत्महत्या की इच्छा, बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना, अकारण घबराहट, बेचैनी, डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं: पढ़ाई में पिछड़ जाना, मंद बुद्धि, याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या: शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre
Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment | Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI) | Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

JOINTVEDA®
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
POWER OF 18 HERBS
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS
Helpful in Painful conditions
Advanced Joint & Muscle Relief Oil
POWER OF 18 HERBS.
FOR ALL JOINT & MUSCULAR PAINS
Helps With Joint Pain, Swelling And Muscle Stiffness
100 ml
GO NATURAL HERBAL
POWER OF 18 HERBS
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS
100 ml
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart